सराहनीय कार्य दिनाँक 29-08-23 थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद।

थाना लाइनपार पुलिस एवं एसओजी पुलिस टीम द्वारा अपहरण की घटना के 24 घण्टे के अन्दर अपहर्त को सकुशल बरामद करते हुए 05 अपहरणकर्ताओं को किया गया गिरफ्तार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा थाना लाइनपार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 250/23 धारा 365 भादवि का सफल अनावरण कर घटना के 24 घण्टे के अन्दर अपहर्त मनोज कुमार को सकुशल बरामद करते हुए 05 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादिया श्रीमती गिरजा देवी पत्नी मनोज कुमार ने थाना लाइनपार पर अज्ञात अभियुक्तों द्वारा वादिया के पति मनोज कुमार का अपहरण कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर मु0अ0सं0 250/23 धारा 365 भादवि पंजीकृत कराया था। उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपहर्त की शीघ्र ही सकुशल बरामदगी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस की 01 टीम का गठन किया गया था। चैकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त के अपहर्ताओं 1.सुशील जाटव 2.आशाराम कुशवाहा 3. अशोक कुशवाहा 4.सुशील कुशवाहा 5. श्रीनिवास कुशवाहा को खेरे वाली माता के पास स्थित बन्द पडे ईंट के भट्टे से गिरफ्तार किया गया व अपहर्ताओं के कब्जे से अपहर्त मनोज को सकुशल बरामद किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणः-

1. सुशील जाटव पुत्र सुघर सिंह निवासी धोबीपुरा थाना चिनोनी चम्बल जिला मुरैना।
2. आशाराम कुशवाहा पुत्र ग्यासीराम निवासी वागजनी चौखट्टा थाना वाघचीनी जिला मुरैना।
3. अशोक कुशवाहा पुत्र राजाराम निवासी जौरा थाना जौरा जिला मुरैना।
4. सुशील कुशवाहा पुत्र कंचन सिंह निवासी सरदारपुर थाना जौरा जिला मुरैना।
5. श्रीनिवास कुशवाहा पुत्र कोरण सिंह निवासी मिन्दाबजा थाना जौरा जिला मुरैना मध्य प्रदेश।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.थानाध्यक्ष सचिन कुमार थाना लाइनपार फिरोजाबाद।
2.उ0नि0 नितिन त्यागी प्रभारी एसओजी /सर्विलांस।
3.उ0नि0 प्रदीप मिश्रा थाना लाइनपार फिरोजाबाद।
4.है0का0 सुधीर कुमार थाना लाइनपार फिरोजाबाद।
5.का0 लोकेश कुमार थाना लाइनपार फिरोजाबाद।
6.का0 रामवीर सिह थाना लाइनपार फिरोजाबाद।
7.का0 राहुल चौधरी थाना लाइनपार फिरोजाबाद।
8. है0का0 करनवीर सिंह एसओजी टीम।
9. है0का0 जयनारायण एसओजी टीम।
10. है0का0 चालक रमाकान्त एसओजी टीम।
11. का0 रघुराज सिंह एसओजी टीम।
12. का0 कृष्ण कुमार एसओजी टीम।